In the NEWS

Reliance Life Insurance

Publication: **Rajasthan Patrika** l Region: **Ahmedabad** l Date: **23/05/2014** l Page No.: **13**

40 फीसदी बढ़ा बीमा प्रीमियम

मुंबई. निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने गुरुवार को कहा कि 31 मार्च 2014 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की नई कारोबारी प्रीमियम आय 40 फीसदी बढ़कर 1934 करोड़ रुपए पहुंच गई। बीमा खंड में वृद्धि के बल पर कंपनी की नई प्रीमियम आय में यह बढ़ोतरी हुई। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की नई प्रीमियम आय 1377 करोड़ रुपए थी। इरडा के मुताबिक बीते वित्त वर्ष में संपूर्ण जीवन बीमा उद्योग की नई प्रीमियम आय 11.6 फीसदी बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपये रही।